CONFIDENTIAL

# MEMORANDUM

**Minister-in-Charge:** Archives Minister, Haryana

**Administrative Secretary:** **Principal Secretary to Government, Haryana, Archives Department**

**Subject:** **Annual Administrative Report of the Archives Department Haryana for the year 2019-2020.**

::::::::::

The Annual Administrative Report along with a review and critique for the year 2019-2020 in respect of the Archives Department Haryana is brought up before the Council of Ministers, Haryana under instructions issued by the Chief Secretary to Government, Haryana vide their U.O. No. 53/12/81-6pp dated 2.07.1982 for consideration.

Prior approval of the Chief Minister to place this matter before the Council of Ministers has been obtained.

Dated, Chandigarh, 2.9.2020

Ashok Khemka

(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

गोपनीय

ज्ञापन

| | |
|---|---|
| कार्यभारी मंत्री | अभिलेखागार मंत्री, हरियाणा |
| प्रशासकीय सचिव | प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग |

विषयः अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की 2019-2020 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट ।

------

अभिलेखागार विभाग हरियाणा की 2019-2020 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा व समालोचना सहित मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के अशाः कमांक 53/12/81-6पीःपीः दिनांक 2-07-1982 द्वारा जारी की गई हिदायतों अनुसार मंत्री परिषद के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत है ।

इस मामले को मंत्री परिषद के सम्मुख रखने के लिए मुख्य मंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है ।

दिनांक चंडीगढ़ 2-9-2020

अशोक खेमका

(अशोक खेमका)

प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,

अभिलेखागार विभाग ।

# Review of the working of Archives Department for the year 2019-20

During the period report, the Department continued to perform its functions to acquire, service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social, religious and cultural values .

During the year 2019-20, the Department surveyed and appraised the records of Haryana Civil Secretariat's Branch Establishment-I, Basic Education, Panchkula, Haryana Vidhut Prasaran Nigam, Panchkula, Forest Department Karnal and Panipat. Small Saving & Lottery Department, Chandigarh, Irrigation and Water Resources Department, Vigilance Department, Panchkula, Local Audit, District Social Welfare Officer, Rohtak (Samargopalpur and Bhaini Maharajapur), District Social Welfare Officer, Sirsa.

Department acquired two books name (Hisar a Firoja) donated by Dr. Mahender Singh,Head of the department,D.N College, Hisar and another (Haryanvi Jhalak Ka Sangraha) donated by Mr. Manjeet Singh,Village Bhavad District Sonipat.

Department provided research facilities to 64 research scholars.

Department organised 10 at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public in general and students.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

Ashok Khemka

(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यों को करता रहा है ।

वर्ष 2019-20 के दौरान हरियाणा सिविल सचिवालय की प्रशासन शाखा, मौलिक शिक्षा पंचकूला, हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लि0 पंचकूला, वन विभाग, करनाल और पानीपत, अल्प बचत एवं लाटरी विभाग, चण्डीगढ, सिचाई व जल संसाधन विभाग, चौक्सी विभाग, पंचकूला, लोकल आडिट, जिला कल्याण अधिकारी, रोहतक (समरगोपालपुर व भैनी महाराजापुर), जिला कल्याण अधिकारी सिरसा के अभिलेखों का सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन किया गया ।

विभाग ने डा0 महेन्द्र सिंह, अध्यक्ष इतिहास विभाग, दयानन्द महाविद्यलय, हिसार से (हिसार-ए-फिरोजा) तथा श्री मनजीत सिंह गांव भावद जिला सोनीपत से (हरियाणवी झलक का संग्रह) नामक पुस्तकों को अवाप्त किया गया ।

विभाग ने 64 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विधार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्य में विभिन्न स्थानों पर 10 अभिलेखीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

विभाग का सभी राष्ट्रीय अभिलेखीय एवं ऐतिहासिक संस्थाओं में अच्छा प्रतिनिधित्व रहा है ।

अशोक खेमका

(अशोक खेमका)

प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,

अभिलेखागार विभाग ।

# CRITIQUE OF ANNUAL ADMINISTRATION REPORT FOR THE YEAR 2019-20 OF ARCHIVES DEPARTMENT, HARYANA

During the year under report the Department performed its functions smoothly. An impressive record of archival value is available in Directorate and District Offices of the state Government, which needs timely appraisal and systematic acquisition. Owing to the paucity of space and technically trained staff, the department is facing hardship in appraisal, acquisition and preservation of these records. However, the department continued its work of appraisal and acquisition of public records. Besides, preservation and restoration of records, preparation of reference media of its record holdings has been done.

(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

## अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट वर्ष 2019-2020 की समालोचना

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग अपने कार्यों को उचित ढंग से सम्पन्न करता रहा है । बड़ी संख्या में अभिलेखीय महत्त्व का रिकार्ड सरकारी विभागों के मुख्यालयों एवं जिला कार्यालयों में उपलब्ध है, जिसके मूल्यांकन एवं अवाप्ति की आवश्यकता है । प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों एवं स्थान की कमी के कारण विभाग को इन अभिलेखों के मूल्यांकन, अवाप्ति एवं परिरक्षण के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । फिर भी विभाग ने सरकारी अभिलेखों के मूल्यांकन एवं अवाप्ति के अपने कार्य को जारी रखा हुआ है । अभिलेखों के परिरक्षण एवं पुर्नस्थापन के कार्य के अतिरिक्त विभाग ने अपने अभिलेखीय संग्रह की सन्दर्भ सूची भी तैयार की है ।

अशोक खेमका
(अशोक खेमका)
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग ।

# अभिलेखागार विभाग हरियाणा
## वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2019-2020

अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक सम्पदा का कोष है । यह उस नदी की तरह है, जहां से इतिहास प्रवाहित होता है । इतिहास लिखने व लिखित इतिहास को ढूंढने तथा भावी योजना बनाने के लिए केवल अभिलेखागार ही सामग्री उपलब्ध कराता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हरियाणा के क्षेत्रीय इतिहास, जो अभी तक अधूरा व अनदेखा रहा है, के शोध की उन्नति के लिए उत्कृष्ट भूमिका अदा करता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार का मुख्य कार्य ऐतिहासिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी व निजी अभिलेखों को प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक शोध सुविधाओं के लिए प्राप्त करना, उनका सही रख-रखाव व चिरकाल तक उन्हें सुरक्षित रखने हेतु उनकी व्यवस्था करना है । यह विभाग सरकारी अभिलेखों के सम्बन्ध में उनके संरक्षण एवं निःसरण के लिए सभी गतिविधियों में तालमेल एवं मार्गदर्शन, यह सुनिश्चित करने के लिए करता है कि स्थायी महत्व के अभिलेख नष्ट न हों । इसके अतिरिक्त विभाग मौखिक इतिहास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के स्वतंत्रता सैनानियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरण भी टेप रिकार्ड करता है ।

1 नवम्बर, 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन व हरियाणा राज्य के सृजन के समय हरियाणा राज्य में अभिलेखागार विभाग स्वतन्त्र विभाग के रुप में कार्य नही कर रहा था जिसके कारण सरकारी व निजी अभिलेखों के रख-रखाव की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका । तत्पश्चात् वर्ष 1969 में राज्य में पुरातात्विक व अभिलेखीय गतिविधियों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से पुरातत्व इकाई की स्थापना की गई । बाद में हरियाणा सरकार ने वर्ष 1973 में मात्र 7 पदों की स्वीकृति के साथ राज्य में अभिलेखागार विभाग स्थापित करने की दिशा में प्रथम कदम उठाया । परन्तु यह पद शीघ्र भरे न जा सके । उप निदेशक अभिलेखागार के पद पर केन्द्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को लेकर वर्ष 1976 में विधिवत् रुप से राज्य में अभिलेखागार विभाग की स्थापना हुई तब से लेकर यह विभाग निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । मुख्यालय पर बढ़ती अभिलेखीय गतिविधियों के बोझ को कम करने की दिशा में विभाग ने वर्ष 1986 में मण्डल स्तर पर क्रमशः अम्बाला व हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की । राज्य में रोहतक व

गुरूग्राम को मण्डल का दर्जा मिलने के पश्चात् विभाग ने वर्ष 1997 में इन दोनों स्थानों पर भी क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की ।

वर्ष 2014 में स्टॉफ की कमी व अत्यधिक किराये के कारण क्षेत्रीय अभिलेखागार गुरूग्राम का कार्यालय अस्थाई तौर पर गुरूग्राम से क्षेत्रीय अभिलेखागार रोहतक मण्डल, रोहतक में स्थानांतरित कर दिया गया ।

अभिलेखागार विभाग सरकार के स्तर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में कार्य करता है । निदेशालय स्तर पर महानिदेशक विभागाध्यक्ष हैं । ये दोनों अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा से हैं ।

वर्ष 2019-2020 की अवधि के दौरान सरकार के स्तर पर इस विभाग का कार्यभार श्री अनिल विज, अभिलेखागार मंत्री तथा दिसम्बर 2019 से श्रीमती कमलेश ढांडा, अभिलेखागार मंत्री के पास रहा है । विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार श्रीमती धीरा खण्डेलवाल, भा0प्र0से0 रिपोर्टाधीन अवधि से 26-11-2019 तक तथा श्री अशोक खेमका, भा0प्र0से0 ( 27-11-2019 से रिपोर्टाधीन अवधि तक) के पास है । इस दौरान विभाग के महानिदेशक/निदेशक का कार्यभार श्री जयकृष्ण आभीर, एच0सी0एस0 रिपोर्टाधीन अवधि से 21-6-2019 तक), श्री संजीव वर्मा, भा0प्र0से0 ( 28-6-2019 से 24-1-2020), श्री वजीर सिंह गोयत, भा0प्र0से0 ( 24-1-2020 से 10-3-2020) तथा श्रीमती रानी नागर, भा0प्र0से0 ( 11-03-2020 से रिपोर्टाधीन अवधि तक) के पास रहा है ।

राज्य अभिलेखागार तथा अभिलेखागार महानिदेशक का कार्यालय सिंचाई भवन, बी0 ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर 5, पंचकुला के सरकारी भवन में स्थित है । मण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार के कार्यालय क्रमशः अम्बाला, हिसार तथा रोहतक व गुरूग्राम के कार्यालय का रिकार्ड रोहतक में स्थित है ।

विभाग में 42 पद स्वीकृत है जिनमें से 23 पद भरे हुए है व 19 पद रिक्त है जिनका विवरण अनुलग्नक 'क' पर उपलब्ध है ।

**बजटः**

विभाग के वर्ष 2019-2020 के मूल बजट में योजनेत्तर पक्ष पर 243,00000 रुपये व योजना पक्ष पर 27,00,000 रुपये का बजट प्रावधान किया गया था जिसके

समक्ष 1,87,80,740 रुपये योजनेत्तर पक्ष पर तथा 775646/- रुपये योजना पक्ष पर खर्च किए गए है ।

**अभिलेख प्रबंधन :**

1. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की स्थापना शाखा-I की 667 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई।

2. विभाग ने मौलिक शिक्षा, पंचकूला की 4594 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

3. विभाग ने हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लिमिटिड की 15000 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

4. विभाग ने वन विभाग, पानीपत की 2371 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

5. विभाग ने वन विभाग, करनाल की 459 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

6. विभाग ने अल्प बचत एवं लाटरी विभाग, हरियाणा की 660 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

7. विभाग ने सिचाई जल संसाधन विभाग, हरियाणा सिविल सचिवालय की 241 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

8. विभाग ने चौकसी विभाग, हरियाणा, पंचकूला की 523 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नही

पाई गई ।

9. विभाग ने लोकल आडिट, पंचकूला की 412 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नही पाई गई।
10. विभाग ने जिला कल्याण अधिकारी, रोहतक के 27 रजिस्टर, 8418 बण्डल और 178 फाईलों का सर्वेक्षण किया ।

11. विभाग ने जिला कल्याण अधिकारी, सिरसा के 653 बण्डलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नही पाई गई ।

## अभिलेख परिरक्षण :

इस वर्ष के दौरान अभिलेख परिरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बांइडिंग और सिलाई | 416 पुस्तकें व रजिस्टर |
| 2. | लघु रिपेयर | 1260 पृष्ठ |
| 3. | टिश्यू रिपेयर | 6745 पृष्ठ |
| 4. | डिएसिडिफिकेशन | 7398 पृष्ठ |
| 5. | फोल्डर बनाना | 12 फोल्डर |
| 6. | फोर साईड कटिंग | 850 पृष्ठ |
| 7. | गैदरिंग एवं गार्डिंग | 2558 पृष्ठ |
| 8. | फलैटनिंग | 8072 पृष्ठ |
| 9. | चेपियां हटाना | 150 पृष्ठ |
| 10. | फाईल रिपेयर | 62 फाईल |
| 11. | चिपके हुए पृष्ठों को अलग करना | 519 पृष्ठ |
| 12. | अखबारों की सिलाई | 26 अखबार |
| 13. | मैप माउंटिंग | 4 मैप |
| 14 | सोलवैंट लैमिनेशन | 184 पृष्ठ |

## अभिलेखों को व्यवस्थित करना :

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित पुस्तकालय की 10000 पुस्तकों व पाण्डुलिपियों का भौतिक सत्यापन किया गया । क्षेत्रीय कार्यालय के

पुस्तकालय, हिसार में 15 पुस्तकों का एक्सेशन किया गया । 52 पुस्तकों, 3 जेल रजिस्टरों एवं 500 पाण्डुलिपियों को किटाणुओं से बचाने के लिए फयूमिगेट किया गया । क्षेत्रीय अभिलेखागार, रोहतक में गुड़गांव से स्थानान्तरित 1200 पुस्तकों का भौतिक सत्यापन, उपायुक्त कार्यालय रोहतक की 600 फाईलों का पृष्ठिकरण किया गया । पाण्डुलिपियों व उपायुक्त रोहतक की 300 फाईलों का पेजीनेशन किया गया तथा गुरूग्राम क्षेत्रीय कार्यालय के 329 किताबों का भौतिक सत्यापन किया गया ।

**संदर्भ माध्यम :**

विभाग द्वारा केन्द्रीय जेल, हिसार के जेल रजिस्टर, पब्लिक रिकार्ड की 5484 फाईलों, 110 पाण्डुलिपियों, 53 प्राईवेट पेपर की कम्प्यूटर द्वारा लिस्ट बनाई गई । उपायुक्त रोहतक से अवाप्त 100 फाइलों की विषय सूची तैयार की ।

**शोध सुविधाएं :**

विभाग ने 25 शोधकर्ताओं को शोध अनुमति प्रदान की । जिनका विवरण अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है । तथा 64 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की।

**सूचना का अधिकार अधिनियम :**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत विभाग ने श्री असीम टकयार, प्लाट नं0 144, फेज नं0 1, उद्योग विहार, गुरूग्राम, तथा श्री उमेद सिंह पुत्र श्री भोता राम गांव खरकडी तहसील लोहारू जिला भिवानी हरियाणा को उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाई ।

**माइक्रोफिल्मिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभागीय रिकार्ड में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की 66 पुस्तकें के सुरक्षा हेतु लगभग 6000 माइक्रोफिल्म चित्र तैयार किए गए व इनको प्रोसेस किया गया तथा इसके अतिरिक्त अंग्रेजी न्यूज पेपर 'द ट्रिब्यून' के 32000 माइक्रोफिल्म चित्र को चैक किया गया ।

**अवाप्तियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने डा0 महेन्द्र सिंह, अध्यक्ष इतिहास विभाग, दयानन्द महाविद्यलय, हिसार से (हिसार-ए-फिरोजा )तथा श्री मनजीत सिंह गांव भावद जिला सोनीपत से (हरियाणवी झलक का संग्रह) नामक पुस्तकों को अवाप्त किया गया ।

**अभिलेखों की सर्विसिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने यहां उपलब्ध अभिलेखों की निम्नानुसार सर्विसिंग की:

1- पुनर्वास विभाग, हरियाणा को उनकी मांग पर 67 फाइलें उपलब्ध करवाई ।

**प्रदर्शनियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने विभिन्न स्थानों के शिक्षण संस्थानों में विभिन्न अवसर पर निम्न विवरण अनुसार अभिलेखीय दस्तावेजों से सम्बन्धित प्रदर्शनियों को आयोजित किया गया:

| कम | दिनांक | स्थान | शिक्षण संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 24 से 25 अप्रैल, 2019 | अम्बाला शहर | एस0ए0 जैन पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर |
| 2. | 17 से 18 मई, 2019 | हिसार | ठाकुर दास भार्गव वरिष्ठ माध्यमिक माडल स्कूल, हिसार |
| 3. | 26 से 27 जून, 2019 | झज्जर | स्वेरा स्कूल, झज्जर |
| 4. | 24 से 25 जुलाई, 2019 | कैथल | बी0आर0 अम्बेडकर महाविघालय कैथल |
| 5. | 21 से 22 अगस्त, 2019 | सिरसा | राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविघालय, सिरसा |
| 6. | 18 से 19 सितम्बर, 2019 | पंचकूला | राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविघालय, पंचकूला |
| 7. | 14 से 15 नवम्बर, 2019 | गुरूग्राम | राजकीय स्नातकोत्तर महाविघालय, सैक्टर-9, गुरूग्राम |
| 8 | 18 से 19 नवम्बर, 2019 | रिवाडी | राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविघालय, रिवाडी |
| 9. | 3 से 8 दिसम्बर, 2019 | कुरूक्षेत्र | अर्न्तराष्ट्रीय गीता जयन्ती महोत्सव, ब्रहम सरोवर |
| 10. | 18 से 19 दिसम्बर, 2019 | भिवानी | चौ0 बंसी लाल विश्वविद्यालय । |

**चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना:**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

## अनुलग्नक 'क'

### वर्ष 2019-20 में पदों का विवरण

| पदनाम | पंचकूला | अम्बाला | हिसार | रोहतक | भरे हुए पद | रिक्त पद | कुल स्वीकृत प |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उप निदेशक | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लेखा अधिकारी | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक निदेशक | 0 | - | - | - | 0 | 4 | 4 |
| अधीक्षक | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| अभिलेखपाल | 1 | - | 1 | 1 | 3 | - | 3 |
| सहायक अभिलेखपाल | 2 | - | - | - | 2 | 4 | 6 |
| माइक्रोफोटोग्राफिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक | 2 | - | - | - | 2 | 1 | 3 |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| अभिलेख रेस्टोरर | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| चालक | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| जूनियर स्केल स्टैनो | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लिपिक | 0 | - | - | - | 0 | 4 | 4 |
| अभिलेख परिचर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| बाइंडर | 1 | 1 | - | - | 2 | - | 2 |
| गेट कीपर | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| डार्क रुम अटैन्डेन्ट | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| डस्टिंग बियरर-कम-मैंडर | 1 | - | 1 | 1 | 3 | 2 | 5 |
| स्वीपर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सेवादार | 1 | 1 | 1 | - | 3 | - | 3 |

अनुलग्नक 'ख'

वर्ष 2019-20 में विभाग में आए शोधकर्ताओं का विवरण

| क्रं0 संख्या | शोधकर्ता का नाम | शोध का विषय | विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थान |
|---|---|---|---|
| | सर्व श्री/श्रीमती | | |
| 1. | वीणा कुमारी | स्वतन्त्रता सैनानियों का जेल रिकार्ड | वकील |
| 2. | भर्तेश सिंह ठाकुर | जलियांवाला बाग | पत्रकार |
| 3. | धीरज कौशिक | उपनिवेश भारत में कृषि सम्बन्ध | सहायक प्राध्यापक |
| 4. | विरेन्द्र सिंह | 1857 का विद्रोह | स्वयं |
| 5. | विकास कुमार | सेठ छोटू राम | सहायक प्राध्यापक |
| 6. | गुरप्रीत चहल | हरियाणा का इतिहास | स्वयं |
| 7. | राम निवास पुनिया | हिसार के लोगों के धर्म से सम्बन्धित | स्वयं |
| 8. | जगदीश प्रसाद | भक्ति आंदोलन दादू दयाल की बाणी | इतिहास और संस्कृति की हरियाणा अकादमी |
| 9. | मनजीत सिंह | हरियाणा में उर्दू भाषा का इतिहास | पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला |
| 10. | रमेश चन्द्र दुल | जेल रजिस्टर 1857 | वकील |
| 11. | जयदीप | हरियाणा का इतिहास | लेखक |
| 12. | धीरेन्द्र के0झा | Jail System at the dawn of Indian Republic | पत्रकार |
| 13. | Eraca Lauran | Social & Military History in 19th Century | Sr. Lecturer, University o London |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | मनोज कौशिक | न्यूज पेपर 1975-76 | पत्रकार |
| 15. | धनपत सिंह | फतेहाबाद का इतिहास | पत्रकार |
| 16. | राम चन्द्र | हरियाणा में गांव का इतिहास | लेखक |
| 17. | बलराज सिंह | हिन्दी आन्दोलन में 1957 का रिकार्ड | स्वयं |
| 18. | नरेन्द्र सिंह | हिन्दी सत्याग्रह का रिकार्ड | स्वयं |
| 19. | रीतिका | धार्मिक रिकार्ड | पत्रकार |
| 20. | वसावदूता चन्द | The History of wild life conservation in India 1920-80 | University of Calcutta |
| 21. | स्नेह पटेल | चौ0 निहाल सिंह तक्षक-सामाजिक एवं राजनैतिक योगदान | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 22. | नीलम सोनी | हरियाणा की महिलाओं का स्वतन्त्रता संग्राम में योगदान | सहायक प्राध्यापक |
| 23. | राज कुमार सिवाच | खाप पंचायत | चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा |
| 24. | गौरव सैनी | हरियाणा में मजदूर कृषक | Institute for Development & Communication Chandigarh |
| 25. | राम मेहर नैन | हरियाणा का इतिहास | स्वयं |